तुरंत रिलीज के लिए

# कैसे जानें कि कौन-सी मदद के लिए, किस नंबर पर फोन करना है

*जरूरतमंद निवासी 311, 211 और 9-1-1 पर फोन कर सकते हैं*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (16 दिसम्बर, 2020) – ब्रैम्पटन के निवासियों हेतु, जरूरत के समय के लिए कई तरह की सेवाएं उपलब्ध हैं। लेकिन कभी-कभार यह समझना मुश्किल हो सकता है कि कहां फोन किया जाए। ब्रैम्पटन के निवासियों को चाहे म्युनिसिपल संबंधी, सामाजिक या एमरजेंसी सहायता की जरूरत हो, 311, 211 और 9-1-1 मदद के लिए मौजूद हैं।

**311**

सभी गैर-एमरजेंसी म्युनिसिपल सरकारी जानकारी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और रीजन ऑफ पील (Region of Peel) द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रोग्रामों और सेवाओं तक साधारण और सीधी पहुंच के लिए, निवासी 311 पर संपर्क कर सकते हैं। 311 की सेवाओं में शामिल हैं:

- सिटी के प्लो ट्रैकर और स्नो हटाने के बारे में जानकारी
- पार्किंग सेवाएं और मोबाइल लाइसेंसिंग
- प्रॉपर्टी संबंधी मुद्दे और बाइ-ला लागूकरण, कोविड-19 (COVID-19) संबंधी मुद्दों सहित
- सड़कें और साइडवॉक्स
- एनिमल सर्विसिज

दिसम्बर 2019 में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने नए ब्रैम्पटन 311 (Brampton 311) मोबाइल ऐप और वेबसाइट, 311Brampton.ca की शुरुआत की थी, ताकि म्युनिसिपल सेवाओं और जानकारी तक पहुंच को अधिक आसान बनाया जा सके। नई वेबसाइट और ऐप के साथ, निवासी अपने स्मार्टफोन से, ऑनलाइन या 311 पर फोन करके जल्दी और आसानी से सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) तक पहुंच सकते हैं। निवासी सेवा निवेदन प्रस्तुत और ट्रैक कर सकते हैं, समुदाय में क्रियाशील सेवा निवेदनों की पड़ताल कर सकते हैं और म्युनिसिपल सेवाओं के बारे में और जान सकते हैं।

ग्राहक सेवा दिन में 24 घंटे, सप्ताह में सात दिन, 150 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध है।

ब्रैम्पटन 311 ऐप अब, Google Play (गूगल प्ले) और ऐप स्टोर (App Store) पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

**211**

211 एक मुफ्त और गोपनीय सेवा है, जो व्यक्तियों और परिवारों को, उनके समुदायों में हर तरह की सरकारी, स्वास्थ्य संबंधी, सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं से जोड़ती है। निवासी, निम्नलिखित कामों के बारे में जानकारी और रेफरल के लिए 211 पर संपर्क कर सकते हैं:

- स्वास्थ्य सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मदद
- आमदनी संबंधी मदद और आर्थिक सहायता
- फूड बैंक और भोजन संबंधी प्रोग्राम
- घर संबंधी मदद
- बुजुर्गों की मदद संबंधी सेवाएं

211 तक, 211 पर फोन करके, ऑनलाइन (online), 21166 पर टैक्सट संदेश भेजकर, लाइव चैट (live chat) द्वारा या gethelp@211Ontario.ca पर ईमेल करके पहुंचा जा सकता है।

**9-1-1**

9-1-1, केवल एमरजेंसी के लिए है। यह एमरजेंसी टेलिफोन नंबर है, जो निवासियों को किसी एमरजेंसी स्थिति में, एम्बुलैंस, पुलिस या फायर विभाग के साथ जोड़ता है। 9-1-1 पर फोन करके निवासियों को, एमरजेंसी सेवाओं तक पहुंचने में मदद मिलती है, जब उन्हें तुरंत सहायता की जरूरत होती है।

एमरजेंसी, कोई भी वह स्थिति होती है, जब लोगों या प्रॉपर्टी की सुरक्षा को जोखिम हो और तुरंत सहायता की जरूरत हो। 9-1-1 एमरजेंसी की स्थितियों के उदाहरणों में शामिल हैं: आग लगना, कोई अपराध हो रहा हो या मेडिकल एमरजेंसी हो।

जब निवासी 9-1-1 डायल करते हैं, तो उनकी फोन कॉल का जवाब पेशेवर तौर पर प्रशिक्षित, एमरजेंसी कम्युनिकेटर (Emergency Communicator) द्वारा दिया जाता है, जो उन्हें एम्बुलैंस, पुलिस या फायर विभाग के साथ जोड़ेगा।

यदि कोई निवासी 9-1-1 पर फोन करे और कम्युनिकेटर से बात न कर पाए या उसकी बात न समझ पाए, तो इसके लिए 9-1-1 टेलिफोन सिस्टम में एक ऑटोमैटिक लोकेशन आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (Automatic Location Identification System) और ऑटोमैटिक नंबर आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (Automatic Number Identification System) होता है। जैसे ही निवासी 9-1-1 पर फोन करते हैं, तो ये सिस्टम, एमरजेंसी कम्युनिकेटर को कॉलर का पता और टेलिफोन नंबर बताते हैं। हो सकता है कि यह विशेषता कुछ सेल फोनों के साथ उपलब्ध न हो, हालांकि, इस समय इसकी प्रक्रियाएं की जा रही हैं, ताकि कम्युनिकेटर, अधिक शुद्धता के साथ ज्यादातर सेल फोनों से कॉल्स का पता लगा पाएं।

**हवाले**

“ब्रैम्पटन, स्वस्थ और सुरक्षित शहर है। 211 और 9-1-1 पर हमारे साझेदारों के साथ इकट्ठे मिलकर, हम जरूरत के समय निवासियों की मदद के लिए मौजूद हैं। यह पिछला वर्ष, हमारे समुदाय के लिए बहुत ज्यादा मुश्किल रहा है, लेकिन मदद हमेशा उपलब्ध है। यह जानना कि किसे संपर्क किया जाए, सहायता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको चाहे म्युनिसिपल, सामाजिक या एमरजेंसी सेवाओं की जरूरत हो, हम आपकी मदद के लिए मौजूद हैं।”

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारे समुदाय का स्वास्थ्य और सलामती, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। सभी गैर-एमरजेंसी म्युनिसिपल जानकारी, प्रोग्रामों और सेवाओं के लिए, सर्विस ब्रैम्पटन के स्टाफ को किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है। 211 और 9-1-1 पर हमारे साझेदारों के साथ इकट्ठे मिलकर, कोई न कोई, जरूरत के समय हमारे निवासियों की मदद के लिए हमेशा मौजूद रहता है।”

*- डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सेवाओं तक पहुंच, स्वास्थ्य का मुख्य साधन होता है। अब लोगों को पहले से कहीं अधिक, हर तरह के प्रोग्रामों तक तुरंत और आसान पहुंच की जरूरत है, जैसे फूड डिलीवरी, फूड बैंक्स, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं और आर्थिक सहायता। 211 सेंट्रल को, निवासियों को महामारी के दौरान जरूरत होने पर, प्रोग्रामों और सेवाओं तक पहुंचने में मदद के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ साझेदारी करके बेहद खुशी है।”

*- सू विल्किन्सन (Sue Wilkinson), एग्जीक्यूटिव डायरेक्शन, फाइंडहेल्प | 211 सेंट्रल*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca